मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-388
**11/11/2024**

# भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न स्व0 मौलाना अबुल कलाम आजाद जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी, मुख्यमंत्री ने मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक का किया लोकार्पण

पटना, 11 नवम्बर 2024 :– भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न स्व0 मौलाना अबुल कलाम आजाद जी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नेहरू पथ, पुनाईचक स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भारत रत्न स्व0 मौलाना अबुल कलाम आजाद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने भारत रत्न स्व0 मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा लिखित पुस्तक 'आजादी की कहानी' मुख्यमंत्री को भेंट की।

इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री जयंत राज, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री रत्नेश सादा, सांसद श्री संजय कुमार झा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद डॉ0 खालिद अनवर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भारत रत्न स्व0 मौलाना अबुल कलाम आजाद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा भजन–कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

******